प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज में महाकुंभ में पहले मकर संक्रांति–अमृत स्नान पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी : 13 अखाड़ों ने चरणबद्ध तरीके से किया स्नान।
2. मकर संक्रांति स्नान को लेकर प्रयागराज में रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– कुंभ के प्रति लोगों का आकर्षण अकल्पनीय।
3. मकर संक्रांति पर प्रदेश भर में श्रद्धालु कर रहे है नदियों में स्नान, दान और धार्मिक अनुष्ठान : मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोरक्षनाथ मंदिर में अर्पित की खिचड़ी।

और

4. अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी ने चन्द्रभान पासवान को बनाया प्रत्याशी : 17 जनवरी तक दाखिल किये जा सकेंगे नामांकन।

————————

प्रयागराज के महाकुंभ में मकर संक्रांति– अमृत स्नान के दौरान आज शाम तक लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

सनातन धर्म से जुड़े 13 अखाड़ों के साधु, संतों ने चरणबद्ध तरीके से अमृत स्नान किया। पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा अर्चना अनुष्ठान किये। परम्परा को कायम रखते हुए उन्होंने दान पुण्य भी किया। सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा आरती में भी शामिल हुए। इस बीच देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक भी महाकुंभ स्नान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट......

*त्रिवेणी संगम तट पर आज महाकुंभ मेले के पहले दिन अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। सुबह से ही श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य कर रहे हैं। महाकुंभ मेले का आज पहला अमृत स्नान पर्व भी था। इस मौके पर देश के कोने–कोने से आए अखाड़े और साधु संतों ने अमृत स्नान किया। पहला अमृत स्नान महानिर्वाणी अखाड़े ने किया। अखाड़ों के स्नान क्रम को तीन चरणों में बाटा गया। सबसे पहले संन्यासी, दूसरे चरण में बैरागी और तीसरे चरण में बैरागी अखाड़े ने स्नान किया। अखाड़ों का स्नान सुबह सवा छह बजे से शाम लगभग छह बजे तक जारी रहा। कुंभ मेला क्षेत्र में करोड़ों की संख्या में आए श्रद्धालुओ के सुरक्षित स्नान के लिए व्यापक इंतजाम के साथ–साथ अनेक कार्यदायी संस्थाओं को क्रियाशील रखा गया है। श्रद्धालु अपने साथ अविस्मरणीय यादें लेकर वापस जाए, इसे लेकर संगम क्षेत्र में साधु संतों और श्रद्धालुओं पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। श्रद्धालु सकुशल अपने गंतव्य को वापस जाए, इसके लिये रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार महाकुंभ नगर प्रयागराज।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि देश और दुनिया में महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण दिख रहा है वह अकल्पनीय है। बाइट.....

*इस सदी का पहला महाकुंभ तीर्थपति प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है और आज पहला अमृत स्नान का पुण्य प्रारंभ हो चुका है यानि महाकुंभ में के*

*प्रति जो आकर्षण देश और दुनिया में देखने को मिल रहा है वह अद्भुत है अकल्पनीय है। कल ही आपने देखा होगा प्रयागराज में लगभग पौने दो करोड़ श्रद्धालुजनों ने माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाकर के पुण्य के भागीदारी बने।*

**वहीं तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरू रामभद्राचार्य ने महाकुंभ में प्रभावी व्यवस्था की सराहना की। बाइट....**

*सभी आचार्यों में सबसे पहला शाही स्नान मेरा हुआ। इस सरकार की व्यवस्था से भी मैं बहुत प्रसन्न हूँ। इतनी बड़ी भीड़ को सरकार ने नियंत्रित किया। बहुत साधुवाद की पात्र है सरकार।*

**कुंभ क्षेत्र में अमृत स्नान सहित राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था है। राज्य के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने बताया.....**

*इस अखाड़े के उपलक्ष्य में सभी वरिष्ठ अधिकारी वहां स्वयं मौजूद रहते हैं ताकि कोई साधु संतों के स्नान में किसी तरह की विघ्न बाधा न हो। साथ ही साथ जो जनसामान्य है उसका स्नान भी चलता रहता है। प्रयागराज कुंभ क्षेत्र तथा पूरे प्रदेश में स्नान मकर संक्रांति का शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। किसी तरह की कोई घटना अभी तक रिपोर्टेड नहीं है। आज स्नान के बाद से जो अन्य रमणीक स्थल है, धार्मिक स्थल हैं जैसे अयोध्या जी, वाराणसी, चित्रकूट धाम तथा विंध्यवासिनी धाम में वहां लोग जाने की पूरी संभावना है तो उसकी तैयारियां भी कर ली गई हैं।*

**महाकुंभ 26 फरवरी तक जारी रहेगा।**

—————————

**मकर संक्रांति का त्योहार प्रदेशभर में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गोरखपुर में इस पर्व को लेकर खास उत्साह है। गोरक्षपीठ में गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित की। वहीं दूर**

दराज से आए श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मकर संक्रांति भारत के त्योहारों की श्रंखला का एक महत्वपूर्ण पर्व है। बाइट.....

*उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा मे आनंद के क्षणों को एक जुटता के साथ एकता के साथ आयोजित करने अपने खुशी के साथ पूरे समाज की खुशी को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम रहा है और उसी परंपरा के अनुरूप वहां की आवश्यकता उस क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के अनुरूप भारत की ऋषि परंपरा ने पर्व और त्योहारों को वहां पर संयोजित किया। आज उसके विराट रूप हम सबको देखने को मिलते हैं। पूरब में असम आदि आज में आप जाएंगे तो बिहू के रूप में पंजाब की ओर जाएंगे तो लोहड़ी के रूप में सुदूर दक्षिण में आप जाएगें तो पोंगल के रूप में, बंगाल में या महाराष्ट में तिलवा संक्रान्ति के रूप में उत्तर भारत में आएंगे तो खिचड़ी संक्रान्ति के रूप में इस महापर्व को आयोजित श्रद्धालु जन करते हैं।*

उधर, बलरामपुर जिले के देवीपाटन शक्तिपोठ पर मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट....

*बलरामपुर में मकर संक्रांति पर्व का उत्साह जिले भर में देखा जा रहा है। प्रातः काल में राप्ती नदी सहित धार्मिक मान्यता वाले सरोवरों में श्रद्धालुओं ने स्नान कर खिचड़ी वस्त्र आदि का दान किया। इस अवसर पर देवीपाटन शक्तिपीठ पर प्रातः काल से ही लोगों ने ऐतिहासिक सूर्यकुंड मे स्नान कर गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित की। बड़ी संख्या में गैर जनपद व पड़ोसी देश नेपाल से भारी संख्या में आये श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन एवं दान पुण्य किया। देवीपाटन शक्तिपीठ गुरु गोरखनाथ के तपस्थली के रूप में प्रसिद्ध है इस लिए यहां मकर संक्रांति पर खिचड़ी चढ़ाने का विशेष महत्व है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।*

मकर संक्रांति पर्व पर आज प्रदेश के अन्य जिलों में भी श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान और पूजा अर्चना का क्रम जारी है। अयोध्या में श्रद्धालु पवित्र सरयू में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। नागेश्वरनाथ और कनक भवन सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही प्‌रोहितों और गरीबों में खिचड़ी दान कर रहे हैं। महराजगंज, फर्रूखाबाद, हापुड़, कुशीनगर, बिजनौर सहित सभी जिलों में पवित्र नदियों में स्नान और खिचड़ी दान का सिलसिला जारी है। सूर्य उत्तरायण के बाद आज से ही शुभ कार्य होना शुरू हो जायेंगे।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्‌यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय चुनाव समिति ने अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इस सीट से चंद्रभान

पासवान को भाजपा ने टिकट दिया है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी यहां से अजीत प्रसाद को चुनाव लड़ा रही है। इस सीट के लिये 17 जनवरी तक नामांकन दाखिल किये जा सकते है। इस सीट पर 5 फरवरी को वोटिंग और 8 फरवरी को मतगणना होगी।

———————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने कल होने वाली यूजीसी—नेट परीक्षा—2024 स्थगित कर दी है। एजेंसी ने कहा कि कल 15 जनवरी को पोंगल और अन्य त्योहारों की वजह से यह परीक्षा स्थगित की गई है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। एनटीए ने बताया है कि 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

(समाप्त)